any such statement by Boeing delegation during its visit during February, 1989. The investigation into 3 accidents to Boeing aircraft during the past few months have been completed, the reports are under examination.

Allowing Navigation from Vijayawada to Madras

2280. DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to allow navigation in Buckingham Canal from Vijayawada to Madras; if so, what are the details thereof; and

(b) by when the navigation is likely to start and whether there is any Central aid in the offing for this purpose?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI RAJESH PILOT): (a) and (b) The Buckingham Canal, which is a Coastal tidal canal, flows from Peddaganjam lock in Andhra Pradesh (about 110 kms. south of Vijayawada) to Marakkanam Backwaters in Tamilnadu through Madras. The State Governments of Andhra Pradesh and Tamilnadu are primarily responsible for the development of this waterway. The Government of Tamilnadu is implementing a scheme to improve the Buckingham Canal stretch between Ennore lock (near Madras) to Chintamani lock to a bed width of 10 metres and depth of 1.8 metres below low water level under Centrally Sponsored sector. The Government of Andhra Pradesh has now requested to include the proposal of improvement of the Buckingham Canal stretch between Tamilnadu border to peddaganjam lock at a cost of Rs. 19.90 crores as a Centrally Sponsered Scheme for the 8th Five-Year Plan.

Navigation by country boats already exists in this canal.

अन्तरिक्ष युद्ध को रोकने के लिए भारत के प्रयास

2281. डा० अबरार अहमद खान: क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) शांति स्थापित करने में हमारा देश सदैव अग्रणी रहा है, यह देखते हुये कि विश्व में दो महाशक्तियों के बीच "अन्तरिक्ष" युद्ध" न हो, इसके लिए भारत सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं ;

(ख) इस अन्तरिक्ष युद्ध से उत्पन्न होने वाले क्या-क्या संभावित खतरे हैं तथा उनका सम्पूर्ण मानव जाति पर क्या प्रभाव पड़ेगा; क्या वर्तमान में इस युद्ध के प्रभाव से बचने का कोई उपाय है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या अन्तरिक्ष युद्ध न होने देने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ की कोई विशेष भूमिका है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा क्या भारत सरकार उस भूमिका से सन्तुष्ट है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० नटवर सिंह) : (क) भारत सरकार ने बहुपक्षीय मंचों में और अपने द्विपक्षीय सम्पर्कों में भी बाह्य अन्तरिक्ष में हथियारों की होड़ को रोकने की आवश्यकता की ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए हर मौके का फायदा उठाया है ।

(ख) सरकार यह मानती है कि नाभिकीय अस्त्रों के विरुद्ध अभेद्य रक्षा-व्यवस्था कायम करने के विचार से हथियारों की होड़ और अधिक बढ़ेगी तथा इससे निरस्त्रीकरण की प्रक्रिया उलझ जाएगी। पिछले वर्ष मई-जून में संयुक्त राष्ट्र महासभा का निरस्त्रीकरण सम्बन्धी जो तीसरा विशेष अधिवेशन हुआ था उसमें भारत की ओर से पेश की गई निरस्त्रीकरण कार्य-योजना में स्पष्टतया यह कहा गया है कि बहुपक्षीय रूप-रेखा के अन्तर्गत सभी अन्तरिक्ष शस्त्रास्त्रों पर प्रतिबंध लगाने, उनके परिवहन, विकास या उनकी स्थापना अथवा भंडारण के

संबंध में तथा बाह्य अन्तरिक्ष में शांतिपूर्ण प्रयोग के बारे में एक अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के विस्तार के संबंध में एक समझौता किया जाना चाहिये ।

(ग) संयुक्त राष्ट्र के निरस्त्रीकरण सम्मेलन में, जो कि निरस्त्रीकरण के लिए बहुपक्षीय बातचीत के लिए एक मात्र मंच है, "बाह्य अन्तरिक्ष में हथियारों की होड़ पर रोक" संबंधी मद पर 1985 से एक तदर्थ समिति में विचार होता आ रहा है । बाह्य अन्तरिक्ष के शांतिपूर्ण प्रयोग संबंधी अन्तर्राष्ट्रीय समिति में भी "बाह्य अन्तरिक्ष को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बनाये रखने में उपाय और तरीके" मद के अन्तर्गत अन्तरिक्ष के सैन्यीकरण संबंधी पक्षों पर विचार किया गया है । ये बड़े खेद की बात है कि बाह्य अन्तरिक्ष में हथियारों की होड़ को रोकने के संबंध में संयुक्त राष्ट्र में प्रगति प्रायः नगण्य रही है ।

Appointment of Judges on international Courts

2282. SHRI CHIMANBHAI MEHTA: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether eminent judges of the Supreme Court have been recommended for their appointment on the International Courts or have already been appointed; and

(b) if so, what are the details in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K. NATWAR SINGH): (a) No judge of the Supreme Court of India has been nominated for election to the International Court of Justice. However, a judge of the Supreme Court of India is eligible to be nominated for election to the International Court of Justice. Under Article 2 of the Statute of the International Court of Justice, the Court is composed of a body of independent judges who posses the qualifications required in their respective countries for appointment to the highest judicial offices, or are jurisconsults of recognised competence in international law.

(b) Does not arise.

कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए स्कूलों का स्थापित किया जाना

2283. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में कम्प्यूटर का प्रशिक्षण देने के लिए कुछ स्कूल स्थापित करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा क्या मापदण्ड निर्धारित किये गये हैं ; और

(ग) महाराष्ट्र में किन-किन जिलों में कम्प्यूटर प्रशिक्षण देने वाले स्कूल खोले जाने का प्रस्ताव है तथा वे स्कूल कब से कार्य करना आरम्भ कर देंगे ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० सांही) : (क) से (ग) देश में संगणक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्कूलों की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है । तथापि, 248 माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में वर्ष 1984–85 में छात्रों को निम्नलिखित जानकारी प्रदान करने के लिए एक प्रायोगिक संगणक साक्षरता तथा अध्ययन परियोजना आरम्भ की गयी थी :—

—संगणक तथा उनके प्रयोग की व्यापक जानकारी प्रदान करना ।

—व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना ।

—छात्रों की मानव की सभी गतिविधियों में संगणक की प्रयोज्यता की रेंज तथा